
पंजाब केसरी 16/10/2025

# 'भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसर' विषय पर हुआ व्याख्यान



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसर' विषय पर व्याख्यान देते कर्नल विक्रम। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 15 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के करियर गाइडैंस सैल द्वारा मैनेजमैंट विभाग और करियर रिसोर्स सैंटर के सहयोग से 'भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसर' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय सेना के कर्नल विक्रम ने विद्यार्थियों को भारतीय सशस्त्र बलों में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एन.डी.ए. (नैशनल डिफैंस एकैडमी) और सी.डी.एस. (कम्बाइंड डिफैंस सर्विसेज) परीक्षाओं की पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा तैयारी की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही उन्होंने अनुशासन, निष्ठा और देशभक्ति को रक्षा सेवाओं में सफलता की मूल कुंजी बताया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के उत्साही विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। डॉ. भारती सुजान, डॉ. दिशा अरोड़ा और प्रो. कमलप्रीत कौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे प्रेरणादायक और मार्गदर्शक सत्र भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।